CMYK

# बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025




# खाली-भरी कुर्सी का होना था चुनाव, नेताओं ने चली चाल

## नगर पालिका प्रभारी उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति का किया पुतला दहन



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 10 अक्टूबर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने अपनी बीमारी का हवाला देकर नपा का वित्तिय प्रभार उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को दे दिया है. जिसके बाद शहर की राजनीति गर्मो लगी है.** पिछले कई दिनों से शहर में नपा को लेकर चल रहे घमासान के बीच भाजपा ने बीच का रास्ता निकालते हुए नपा की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष को दिया है जिसके साथ ही उपाध्यक्ष का भी विरोध तेज होने लगा है. जहां गुरूवार को उपाध्यक्ष ने नपा का वित्तिय प्रभार संभाला था तो शुक्रवार को उनका कांग्रेस का पुतला जलाकर कांग्रेस ने अपने इरादे जाहिर कर दिए. कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने नियम के विरोध जाकर यह कदम उठाया है. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब नपाध्यक्ष के खिलाफ शहर के 38 प्रार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया गया तो अध्यक्ष को हटाकर दोवारा से खाली कुर्सी और भरी कुर्सी का चुनाव कराया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा न करते हुए उपाध्यक्ष को प्रभार दे दिया गया है. नपा के सामने उपाध्यक्ष का पुतला जलाने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी समेत कई कांग्रेसी और पार्षद मौजूद थे.इस दौरान नारेबाजी भी की गई.

### महिला के अधिकारों को छीना

कांग्रेस का कहना है कि का जनता ने अपने मतों का अधिकारी का इस्तेमाल करते हुए प्रीति राकेश शर्मा को चुना था लेकिन भाजपा ने महिला के अधिकार को छीनते हुए उनसे वित्तिय अधिकारी छीनते हुए उपाध्यक्ष को वित्तिय प्रभार दे दिया है यह सरासर गलत है. जिसका कांग्रेस विरोध करती है. इस संबंध में महिला मोर्चे की कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार का कहना है कि यह सरासर एक महिला का अपमान है विदिशा नगर पालिका के अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को हटाना और उनकी जगह नगर पालिका उपाध्यक्ष को वित्तीय प्रभाव देना सरासर महिला का अपमान है.

# ग्यारसपुर बीआरसी में फर्नीचर खरीदी पर विवाद

**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर 10 अक्टूबर, ग्यारसपुर विकासखंड में फर्नीचर खरीदी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. ग्यारसपुर बीआरसी के प्रभारी ज्ञान सिंह अहिरवार द्वारा 6 तारीख को बीआरसी कार्यालय में हरित क्रांति भूमि वाली शालाओं के प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई थी. बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के मौखिक आदेश का हवाला देते हुए प्रभारियों पर हरित क्रांति भूमि की नीलामी राशि से फर्नीचर खरीदी का दबाव बनाया गया.**

### प्रभारियों पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर का दबाव

सूत्रों के अनुसार जांच का डर दिखाकर सभी प्रभारियों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कराए गए. हालांकि नियमों के अनुसार, हरित क्रांति भूमि की राशि कलेक्टर के लिखित आदेश के बिना खर्च नहीं की जा सकती. इस कारण कई शिक्षक असमंजस में हैं और खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं. नाम न छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि इस राशि का उपयोग शाला की मरम्मत कार्यों एवं दर्ज संख्या के अनुसार आवश्यक फर्नीचर खरीदने में किया जाना चाहिए.उन्होंने मांग की है कि कलेक्टर महोदय इस संबंध में स्पष्ट लिखित आदेश जारी करें तथा शाला प्रबंधन समिति की अनुशंसा पर ही शाला स्तर पर राशि व्यय की अनुमति दी जाए. बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने बताया कि हमारे पास भी तरह की लिखित अनुमति नहीं थी जिसके चलते हमने भी प्रकार के सामान की खरीदी नहीं की हैं.

## एक नजर में

### नए बीएमओ बने दीवान

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** कुरवाई के बीएमओ डॉ. आजाद सिंह के स्थान पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा के द्वारा डॉ. प्रमोद कुमार दीवान, जो वर्तमान में जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी के पद पर विदिशा में कार्यरत हैं, उनको अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.कुरवाई के स्वास्थ्य विभाग ने यह बड़ा निर्णय लिया है. अब डॉ. दीवान अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ कुरवाई बीएमओ का कार्यभार भी संभालेंगे.स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नए बीएमओ की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और अस्पताल से जुड़ी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता आएगी.

### मंदिर परिसर समिति का हुआ गठन

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** मां मंशा देवी मंदिर परिसर में समिति का गठन किया गया. सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया.नवगठित समिति में अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष रंजीत पंथी, सचिव देशराज विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया.वहीं सह-सचिव के रूप में संजय पटवा और सोनू लोधी को दायित्व सौंपा गया एवं महिला मंडल का गठन किया गया जिसमें महिला अध्यक्ष शारदा पंथी उपाध्यक्ष अनीता विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष गीता पंथी सचिव ओमवती विश्वकर्मा सह-सचिव ज्योति पंथी समिति गठन के उपरांत सभी सदस्यों ने मां मंशा देवी से आशीर्वाद लेकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया.




# रूद्र की उपलब्धि पर दीं शुभकामनाएं

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा के सुपुत्र रूद्र शर्मा को लंदन यूनिवर्सिटी से बैचलर इन बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री प्राप्त हुई है। रूद्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज सहित शहर के अनेक शुभचिंतकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की. नेशनल कैप्सूल फैक्ट्री कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने भी रूद्र को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की. इस अवसर पर रूद्र के पिता राकेश शर्मा ने बेटे को मिठाई खिलाकर परिवार की खुशी साझा की.शुभकामनाएं देने वालों में मनोज कटारे , प्रशांत शर्मा , मानवेंद्र शर्मा , सचिन तिवारी , शकील अहमद , दीपक श्रीवास्तव, सुदीप शर्मा, हीरेश शर्मा, शंभू दुबे , अतुल तिवारी , अखिलेश राजपूत सहित अनेक पार्षदों ने भी राकेश शर्मा जी सहित उनके पुत्र रूद्र को शुभकामनाएं दी है.

# वन विभाग की टीम को सौंपा मगरमच्छ

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई, नगरीय क्षेत्र कुरवाई में मछली पालन के लिए दिए गए एक तालाब में मगरमच्छ पाया गया.तालाब में मछली पालन कर रहे अमित कैथोरिया की टीम ने वन विभाग से मगरमच्छ पकड़ने के लिए पिंजरा मंगवाया, मगरमच्छ पकड़े जाने के बाद वन विभाग की टीम को सोपा गया है.**



वन विभाग गंजबासौदा से कुरवाई पहुंचे अधिकारियों की टीम ने बताया कि मगरमच्छ को वह समुचित स्थान पर ले जाकर छोड़ेंगे.ताकि कोई जनहानि ना हो सके. मछली पालन के लिए तालाब ठेके पर लेने वाले अमित ने बताया कि पिछले 1 साल से उनके मछली का बीज मगरमच्छ खा रहा था, जिससे उनके लिए उत्पादन में काफी हानि हुई है.

# महाराज अजमीढ़ जयंती में भारत का स्वर्णयुग लाने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** स्वर्णकार समाज के पितृपुरुष महाराजा श्री अजमीढ़ जी की जयंती बरेठ रोड समाज के सचिव श्री वेद प्रकाश स्वर्णकार के निवास स्थित स्वर्णकार समाज कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई.कार्यक्रम का शुभारंभ अजमीढ़ जी महाराज की पूजन आरती करके भजन कीर्तन किया गया तथा समाज उत्थान हेतु विचार विमर्श किया गया.इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रमेश चंद वर्मा ने बताया मैढ़ क्षत्रिय अपनी वंशबेल को भगवान विष्णु से जुड़ा हुआ पाते हैं. कहा गया है कि भगवान विष्णु के नाभि-कमल से ब्रह्माजी की उत्पत्ति हुई. इस अवसर पर अध्यक्ष पार्षद नारायण सोनी, उपाध्यक्ष धनराज सोनी, संरक्षक मुन्नालाल सोनी, दीपक सोनी,डालचंद सोनी, कमल किशोर सोनी, प्रद्युम्न नारायण स्वर्णकार, विजय सोनी, संतोष सोनी, महेश सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, पंकज सोनी, नरेंद्र सोनी, विशाल स्वर्णकार, अमित सोनी, सुनील सोनी तथा कृशिका, वैष्णवी, आर्या, नीरज, शिवाय उपस्थित रहे.



# पत्नी के नाम की जमीन को फर्जी कागजात तैयार कर दूसरे को बेचने की शिकायत

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** जमीन को लेकर गड़बड़ी का मामले सामने जिसकी शिकायत एसपी और कलेक्टर कर मामले में जांच की मांग की है. कुरवाई तहसील के ग्राम भोरासा में रहने वाले जुल्फिकार अपनी पत्नी के साथ आज का कलेक्ट्रेट पहुंचे.जहां उन्होंने लिखित शिकायत करते हुए पत्नी के नाम मौजूद जमीन को उनके भाई बहन द्वारा गलत तरीके से कागजात तैयार करने फर्जी नक्शा बनाकर उसे दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप लगाए हैं. उन्होंने मामले की शिकायत कुरवाई में भी की थी.एसपी को शिकायती आवेदन में कहा गया कि फर्जी तरीके से कागजात तैयार किए गए थे. जिसने भी यह कागजात तैयारी किए हैं उन विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए. करने पर 420 का मामला दर्ज करने की मांग की है.

# हम पर गलत आरोप लगाये, उसी का विरोध किया

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** पिछले दिनों पार्षद ज्योति जैन उनके पति सिद्धार्थ जैन का सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत से विवाद हुआ था. हालांकि चर्चाएं हैं कि दोनों पक्षों में बाद में समझौता हो गया.शुक्रवार को ज्योति जैन और सिद्धार्थ जैन ने प्रेस वार्ता के जरिए अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि हमें सनातन विरोधी कहा गया हमारे परिवार पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई.इसी बात का हम विरोध कर रहे हैं.



# रसूखदारों के करीबी जुआ खेलते पकड़ाए

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, शुक्रवार मुखबिर की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सांवरिया बंद ढाबे के पीछे जुआ खेल रहे करीब 1 दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जिनके पास से करीब 20 लाख रूपये का मसरूका जब्त किया है.**

### 20 लाख का मसरूका किया जब्त नगदी भी शामिल

**जिसमें 91 हजार रूपये नगदी भी शामिल हैं.जब्त किये गये वाहनों में दो चार पहिया वाहन और 4 बाइकें भी शामिल हैं.** पुलिस ने समरेंन्द्र लोधी पुत्र उत्तमसिंह लोधी निवासी बंटी नगर, विवेक लोधी पुत्र गोपालसिंह लोधी बंटी नगर, जयदीप कुर्मी पुत्र नवनीत कुर्मी निवासी बंटी नगर, प्रदीप पुत्र दयालगिरी, नारायण लोधी पुत्र हल्के लोधी देहगांव, नंदकिशोर पुत्र बल्देवसिंह लोधी बंटीनगर, राजकुमार मीणा पुत्र डालचंद मीणा आकृति कॉलोनी, शिव कुमार पुत्र करण सिंह ब्योंची, महेन्द्र सिंह पुत्र भगवानसिंह दांगी बड़ागांव, अशोक पुत्र नारायणसिंह दांगी बंटी नगर, कुल्दीप पुत्र लखनसिंह रघुवंशी पांझ के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# खाद की व्यवस्था को लेकर दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** क्षेत्र में किसानों द्वारा डीएपी खाद की लगातार मांग की जा रही है. किसानों का आरोप है कि उनको पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है. इस बीच जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सिरोंज कार्यालय में शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय प्रकाश सिंह ने खाद की व्यवस्था को लेकर जानकारी दी. उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी जावेगी. जिले में डीएपी खाद के रैक आ रहे हैं. सोसायटी में भी खाद पहुंचाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि किसान डीएपी की मांग कर रहे हैं. जबकि अन्य किस्म की खाद भी केंद्र पर उपलब्ध है. वही जिले में डीएपी खाद के भी रैक आ रहे हैं. जिसे भी सोसायटी में पहुंचाया जा रहा है. वही क्षेत्र में बीते दिनों एक किसान पर हुई एफआईआर के सवाल पर भी जानकारी दी. उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया.

### समिति प्रबंधक को किया निलंबित

वही प्रशासक द्वारा इकलोद समिति प्रबंधक को निलंबित किए जाने की भी जानकारी सामने आ रही है. जानकारी के अनुसार बीते दिनों इकलौद समिति प्रबंधक द्वारा एक किसान पर मामला दर्ज कराने के मामले ने तूल पकड़ लिया था. जिसके बाद समिति के प्रशासक द्वारा समिति प्रबंधक पर यह कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आ रही है.

# धर्म प्रेमी श्रद्धालु भी कर रहे बेतवा को प्रदूषित

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** धर्म प्रेमी श्रद्धालु बेतवा नदी के घाट पर धार्मिक आयोजन पूजा अर्चना करने के साथ चुनरी भी चढ़ाते हैं इसके बाद फूल माला, पूजन सामग्री प्लास्टिक थैलियां सब वही छोड़ जाते हैं. भगवान श्री गणेश उत्सव तथा मां दुर्गे उत्सव पर मूर्तियों का विसर्जन बेतवा में करते हैं. पूरे शहर की पूजन सामग्री मंदिरों से निकलने वाली तथा घरों पर पूजन हवन की सामग्री बेतवा में ही डालते हैं.इससे बेतवा नदी की जो हालात होती है वह देखते ही बनती है.हालांकि बेतवा नदी किनारे गड्ढे भी हैं जहां यह सामग्री डाली जा सकती है परंतु नहीं बेतवा में ही डालेंग. इस तरह की मानसिकता लोगों की बन गई है जिसका परिणाम पूरा शहर भुगत रहा है. इसी पानी का उपयोग पीने नहाने के लिए होता है. शहर हो या बेतवा किनारे के गांव इस पानी का सभी उपयोग करते हैं.सुबह खाली होने बेतवा किनारे ही आते हैं और गंदगी फैला जाते हैं.गोबर और गंदगी गांव की नदी में समाहित होती है, इससे लोगों को तरह-तरह की बीमारियों से जूझना पड़ता है.

### इनका कहना है

पंडित केशव गुरु शास्त्री का कहना है बेतवा नदी के तट पर पूजन सामग्री इस तरह नहीं डालना चाहिए. पूजन सामग्री के लिए पृथक से व्यवस्था होना चाहिए.प्रशासन इसके लिए व्यवस्था बनाए ताकि इस तरह की शिकायतें सामने न आए.हिंदू उत्सव समिति का कार्य केवल दशहरा पर पुतला दहन और मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों पुरस्कार बांटने तक सीमित होकर रह गया है समिति को वर्ष भर धार्मिक कार्यक्रमों को व्यवस्थित करने का दायित्व भी निभाना चाहिए.बेतवा उत्थान समिति को भी आगे आना चाहिए और बेतवा को प्रदूषित होने से बचाने के प्रयास करना चाहिए.

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का किया स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भोपाल से अशोकनगर की ओर जाते समय सिरोंज क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का पामाखेड़ी में युवा नेता ऋषि शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. इस दौरान उनको क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया. वहीं केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने पामाखेड़ी क्षेत्र में बच्चों से भी मुलाकात की. इस दौरान मुकेश कुर्मी, नितेश, गजेंद्र चौहान, देवेंद्र शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रीता अग्रवाल पत्नि श्री विशाल अग्रवाल निवासी नंदवाना विदिशा हूं। मेरा आधार नम्बर 849558838374 है जिसमें मेरा नाम रीता अग्रवाल ही अंकित है एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में भी मेरा रीता अग्रवाल ही अंकित है। अत: भविष्य में मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जावे।

**रीता अग्रवाल**
पत्नि श्री विशाल अग्रवाल
निवासी नंदवाना विदिशा



### आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज साहू पुत्र श्री रघुवीर साहू निवासी रामलीला रोड विदिशा द्वारा भूमि सर्वे नं0 1837 रकवा 2.069हे0 का अंश प्लाट 525 वर्गफिट का स्थित कस्वा विदिशा प0ह0न0 50 वार्ड नं0 18 रानी दुर्गावती वार्ड नगतला वगीचा विदिशा अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा का 15 फिट वाय 25 फिट कुल 525 वर्गफिट को बृजेशगिरी गोस्वामी पुत्र श्री कन्हैया गिरी गोस्वामी ने पूर्व स्वामी संदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री मनोज कुमार शर्मा से क्रय कर किया था एवं संदीप शर्मा पुत्र श्री मनोज शर्मा ने पूर्व स्वामी केवलसिहं पुत्र श्री खुशीलाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2437 ग्रंथ क्रमांक 3324 दिनांक 29/12/1997 किया गया था उक्त विक्रय पत्र क्रमांक 2437 ग्रंथ क्रमांक 3324 दिनांक 29/12/1997 का कही पर गुम गया है जिससे वहुत तलाश किया किन्तु नही मिल रहा एवं उक्त विक्रय पत्र गुमने की पुलिस थाने मे रिपोर्ट की गई है आवेदक द्वारा उक्त मकान पर यूनियन बैंक खरीफाटक शाखा विदिशा से ऋण प्राप्त किया जा रहा है उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था बैंक हाउसिंग फायनेस संस्था को किसी प्रकार की कोई आपति हो या उक्त वर्णित सम्पति का कह अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, दान पत्र, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिवा, हस्तांतरण इत्यादी हो तो यह सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की समयावधि में मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदक द्वारा उक्त सम्पति को बैंक में बंधक रखकर बैंक से ऋण प्राप्त कर बैंक में बंधक कर दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
**रत्नेश कुमार जैन एडवोकेट**
कार्यालय सी-26 श्रीवालाजी एवेन्यू राजीव नगर विदिशा मप्र मो0 नं0 9300449078


## मांग — किसानों की समस्याओं को लेकर निकाली रैली,सौंपा ज्ञापन

# किसानों को पर्याप्त खाद व प्रभावित फसलों का बीमा मुआवजा देने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** भारतीय किसान यूनियन सर्व के बैनर तले किसानों ने शुक्रवार को एक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने सिरोंज तहसील के किसानों की प्राकृतिक प्रकोप से प्रभावित सोयाबीन की फसल का बीमा मुआवजा दिलाने तथा बोवनी के लिए किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की.

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन सर्व के बैनर तले किसान स्थानीय पुराने बस स्टैंड से तहसील तक रैली के रूप में पहुंचे. जहांपर उन्होंने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन दिया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिरोंज तहसील के कई किसानों की फसल अतिवृष्टि से प्रभावित हुई है. उन्होंने प्रभावित फसलों का बीमा मुआवजा किसानों को तुरंत दिलाये जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि किसान खेती की लागत और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है. किसान तहसील के चक्कर लगा रहे है. किसानों को प्रभावित फसलों का बीमा तत्काल दिलाये जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि किसान की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. किसान कर्ज लेकर बोवनी कर सकेगा. फसलें प्रभावित होने से किसान कर्ज में दब रहा है. उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर है. उन्होंने किसानों के सोयाबीन को 5 हजार 250 रुपए की दर से खरीदी किये जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि वर्तमान मे किसानों को बोवनी के लिए खाद की जरूरत है. किसानों को खाद के लिए लाईन में लगने पर मजबूर किया जा रहा है. इसके बाद भी कई बार किसानों को खाद नहीं मिल पाता है. किसान अन्नदाता है. लेकिन किसान परेशान हो रहे हैं. उन्होंने किसानों का तुरंत प्रभावित फसलों का मुआवजा बीमा दिलाये जाने तथा किसानों को बोवनी के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की. इस दौरान संगठन के सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष युवा नंदराम शर्मा, धर्मेंद्र यादव, राजकुमार शर्मा, शिवराज यादव, मुन्ना, सुरेश यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.



### जनपद सदस्य प्रतिनिधि ने भी दिया आवेदन

तहसील कार्यालय में शुक्रवार को जनपद सदस्य प्रतिनिधि ने अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन देकर ईकलौद सोसायटी के खाद वितरण की जांच कराने तथा खाद वितरण सुचारु किये जाने की मांग की. इस मौके पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अरविंद बघेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामबाबू एवं राजाराम ने तहसील पहुंचकर जनपद सदस्य की ओर से अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन दिया. जिसमें उन्होंने सोसायटी की शिकायत करते हुए कहा कि किसान टोकन लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन उनका टोकन नहीं लिया जा रहा है. ना ही उनको खाद मिल रहा है. जिसकी उनको कई ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिल रही है. उन्होंने शिकायत की जांच कराकर शीघ्र कार्यवाही कराने तथा खाद वितरण सुचारू रूप से कराने की मांग की.

# भारत माता की छवि राष्ट्रीय छवि घोषित करने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** सोशल नेटवर्किंग साइट पर युवक असद खान जिलानी द्वारा पोस्ट पर भारत माता को डायन कहा गया है, जिससे भारत माता के प्रति आस्था रखने वाले हम जैसे देशभक्त नागरिकों वतन परस्त संगठनों सहित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सभी पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है.इस मानसिक विक्षिप्त युवक पर इस विषय को लेकर विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं. भारत माता की छवि को राष्ट्रीय छवि घोषित करने की मांग करते हुए भारत के राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि भारत माता की छवि , अशोक स्तंभ सहित राष्ट्रीय प्रतीक चिह्नो के अपमान पर कठोर कानून बनाया जाऐ ताकि न कोई इनको धूमिल कर सके, न इनका अपमान कर सके. मांग करने वालो मे मध्य भारत प्रांत संयोजक एडवोकेट असद नवेद हाशमी , सैयद शादाब अली, वाजिद कुरैशी पत्रकार, बाबू भाई ठेकेदार, शिबबू भाई गद्दी, शकील अहमद सहित मंच के पदाधिकारी शामिल हैं.


निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो
84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए